## एक नजर में

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया



शुजालपुर, 23 अप्रैल. भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन गायत्री परिवार ने किया था. इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को गायत्री शक्ति पीठ फ्रीगंज शुजालपुर में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया और तहसील तथा कक्षा अनुसार पुरस्कार दिए गए. इस परीक्षा में हजारों बच्चों ने भाग लिया था. कार्यक्रम में उज्जैन उपझोन संयोजक महेश आचार्य, महेश केवट गुना, श्यामलाल जोशी व राकेश परमार अतिथि के रूप में उपस्थित थे. कार्यक्रम में प्रतिवेदन भागीरथ सिसोदिया ने प्रस्तुत किया. संचालन ममता राठौर व रघुवीर पाटीदार तथा आभार किशोर सिंह परमार ने माना.

### आतंकवाद का पुतला फूंका



शुजालपुर, 23 अप्रैल. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर क्षेत्र में भी आक्रेश है. कश्मीर की वादियों में गए 27 निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर सभी ठोस कदम चाहते हैं. इस बर्बर घटना के विरोध में शनिवार को सर्व हिन्दु समाज ने टेम्पो चौराहे पर प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला फूंका तथा दाषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा. इसी प्रकार शुजालपुर में अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद का पुतला जलाकर पाकिस्तान और उसके पाले हुए आतंकियों के खिलाफ गहरा आक्रोश व्यक्त किया. अल्पसंख्यक मोर्चा शुजालपुर के द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादियों के द्वारा 27 पर्यटकों की गोली मारकर निर्मम हत्या के विरोध में निंदा व विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार से जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की मांग करते की और कहा कि भारतीय सेना के हाथ खोलकर इन आतंकवादियों को उनके इस कायरता पूर्ण हरकत लिए मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए. इस अवसर पर अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सईद पटेल, इमरान अली गुड्डू, इसरार अहमद, गफ्फार भाई, इम्तियाज, इसाक खान, शरीफ खान, इस्माइल, इरशाद, उस्मान, गब्बू रफीक,वसीम पठान, इरशाद टेलर, अहमद नूर, सदर नजरुद्दीन मेव, अन्नू, इरशाद,आसिफ,अमीरुद्दीन कुरैशी, नवाब भाई, अल्ताफ, नईम, साहिल पठान, सलमान खान, शाहरुख खान आदि ने उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन किया.

### एबीवीपी ने जलाया आतंकवादियों का पुतला



शाजापुर, 23 अप्रैल. पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या कर दी. इस घटना के विरोध में बुधवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पं. बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया. इस मौके पर आतंकवादियों का पुतला दहन कर शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई. विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कालेज के प्रोफेसर, छात्र और अभाविप के कार्यकर्ता शामिल हुए. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री पवन गुर्जर ने कहा कि यह हमला बेहद कायराना और सांप्रदायिक भावना से प्रेरित था. हमले में देशभर के करीब 28 नागरिकों की जान गई है और 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं. पवन गुर्जर ने बताया कि आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर लोगों को निशाना बनाया. हिंदू पहचान वाले यात्रियों को चुन-चुनकर हमला किया गया, जबकि मुस्लिम यात्रियों को छोड़ दिया गया. मंत्री पवन गुर्जर ने कहा कि इस नृशंस हमले ने देश को झंकझोर कर रख दिया है. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस कायरतापूर्ण काम की कड़ी निंदा करती है. हमारी सरकार से मांग करती है कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए. पुतला दहन के बाद सभी ने दो मीनिट मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, पुलिसकर्मी घायल




सुसनेर, 23 अप्रैल. सड़क हादसों की बेकाबू रफ्तार ने एक बार फिर ज़िंदगी को झंकझोर कर रख दिया. बुधवार को सुसनेर क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया तो वहीं एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई. पहली घटना सुबह करीब 10. 30 बजे पगारिया टोल प्लाजा के पास हुई, जहां सोयत थाना में पदस्थ आरक्षक धाकड़ अपनी निजी बाइक से सुसनेर की ओर आ रहे थे. तभी पीछे से तेज गति में आई एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे मौके पर ही बेहोश हो गए. 1033 एंबुलेंस द्वारा तत्काल सुसनेर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख उन्हें जिला अस्पताल रैफर किया. वहीं एक घंटे बाद 11.30 बजे एक और हादसा हुआ, इस बार इंदौर कोटा नेशनल हाईवे 552 जी पर बड़िया जोड़ के पास लटूरी गुर्जर निवासी 70 वर्षीय देवीलाल पिता रामलाल को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया. 108 एंबुलेंस द्वारा सिविल अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है. दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ. एसडीओपी देवनारायण यादव अस्पताल पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली. बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया.

# 145 स्कूलों में पेयजल व्यवस्था ने तोड़ा दम

## 187 में से महज 42 चालू हालत में, जल जीवन मिशन के अंतर्गत जुटाई गई थी व्यवस्था

**सुसनेर, 23 अप्रैल. जल जीवन मिशन के तहत क्षेत्र के 187 शासकीय स्कूल, जिनमें प्राथमिक, माध्यमिक और एकीकृत विद्यालय शामिल हैं में पढने वाले स्कूली बच्चों को स्कूल परिसर में ही पेयजल, हैंडवाश तथा अन्य सुविधाएं मिले इसके लिए प्रत्येक स्कूल में 3 से 6 लाख तक की राशि खर्च करके नल जल योजना अथवा स्टैंड आलोन के तहत व्यवस्थाए जुटाई गई थी. लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के माध्यम से ठेकेदार के जरिए सभी स्कूलों में जरूरी निर्माण कार्य कराए गए थे. लेकिन जनपद शिक्षा केन्द्र सुसनेर के द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के अनुसार 187 में से मात्र 42 स्कूलों में ही यह योजना वर्तमान समय में चालू हालत में है. शेष 145 में बंद हो गई हैं.**

योजना में स्टैंड आलोन के तहत स्कूल परिसर में ही मौजूद हैंडपम्प या अन्य संसाधनो में जल मोटरें डालकर उनके विद्युत कनेक्शन करके पानी की टंकी बनाकर नलों की टोटीयां लगाकर अन्य जरूरी सुविधाएं जुटाई गई थीं तथा जहां पर नल जल योजना संचालित हैं. वहां नल जल योजना से इसको जोडकर सारे कार्य किए गए थे. एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय मोडी में नल कनेक्शन से इस योजना के तहत पेयजल व्यवस्था की गई थी जो आज की स्थिति में बंद है. इसके अतिरिक्त माध्यमिक विद्यालय सिरपोई, बालक प्राथमिक विद्यालय मोडी, प्राथमिक विद्यालय गुंदलावदा का खेडा जैसी जगहों पर कोई कनेक्शन ही नहीं किए गए. माध्यमिक विद्यालय पालडा में योजना शाला को हस्तांतरित ही नहीं की गई है. इसके अतिरक्त माध्मिक विद्यालय सेमली व माध्यमिक विद्यालय धारूखेडी में योजना शिक्षा विभाग को हस्तांतरित ही नहीं की गई. बाकी जगहों पर योजना शाला को हस्तांतरित कर दी गई थी.

### योजना के तहत हर स्कूल में खर्च हुए 2 से 6 लाख रूपए

जल जीवन मिशन के तहत क्षेत्र के सभी स्कूलों में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जरूरत के मान से राशि खर्च की गई. स्कूलों में इस योजना के तहत 2 से 6 लाख तक की राशि से कार्य कराए गए. इस योजना के तहत खर्च का एक औसत 3 लाख रूपये प्रति स्कूल के मान से भी जोडे तो इस योजना पर 5 करोड़ से भी अधिक की राशि खर्च कर दी गई. किन्तु योजना का फायदा 25 प्रतिशत से भी कम स्कूलों को मिल पाया है. और बाकी स्कूलों में यह योजना दम तोड चुकी है. अब न तो स्कूल वालो को पता है और न ही योजना का क्रियान्वयन कराने वाले लोक स्वास्थ्य एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के जिम्मेदारों को पता है की इस योजना का संधारण करने की जिम्मैदारी किसकी होगी.

### 63 स्कूलों में मोटरें खराब...

63 स्कूलों में मोटरे खराब होने से योजना के तहत बच्चों को पीने तक का पानी उपलब्ध नहीं हो पाया है. 9 स्कूलों में योजना पूर्ण होने तथा शाला को हस्तांतरित हो जाने के बाद जिस जल स्त्रोत से इस योजना को शुरू किया गया था वह योजना अलसफल साबित हुई. 32 स्कूलों में तो योजना के तहत विद्युत कनेक्शन ही उपलब्ध नहीं है. उसके बाद भी उनमें इस योजना के तहत विघुत मोटरे डाली गई थी, लेकिन कनेक्शन नहीं होने से छात्रो को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है.

*इनका कहना है*

*जल जीवन मिशन योजना के तहत सुसनेर क्षेत्र के जितने भी शासकीय स्कूलों में बच्चों को पेयजल व अन्य व्यवस्थाओं के लिए संसाधन जुटाए गए थे. उनमें से अधिकांश योजनाओं के बंद होने की जानकारी मिल रही है, लेकिन अभी तक यह तय नहीं है कि इस योजना का संधारण कौन करेगा और इसके लिए राशि किस मद से खर्च की जाएगी. सारी जानकारियां भोपाल वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर उनसे मार्गदर्शन मांगा गया है.*

*- **केसी अहिरवार, उपयंत्री, पीएचई***

## चलते ट्रक में लगी आग, चालक व क्लीनर ने कूदकर बचाई जान

### सीमेंट की बोरियां व ट्रक हो गया राख, पनवाड़ी के समीप हुआ हादसा

**शाजापुर, 23 अप्रैल. आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को सुनेरा थाना क्षेत्र में सुबह 10 से 11 बजे के बीच सीमेंट से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई. जब चालक ने देखा कि ट्रक में से आग की लपटें निकल रही हैं, तो उसने पहले वाहन रोका. इसके बाद क्लीनर व चालक दोनों वाहन से कूद गए. हादसे में ट्रक और उसमें रखी सीमेंट की बोरियां जलकर राख हो गई.**



जानकारी के अनुसार ट्रक धार जिले के बदनावर से सीमेंट लेकर सारंगपुर जा रहा था. सारंगपुर से करीब 15 किलोमीटर पहले शॉर्ट सर्किट के कारण ट्रक में आग लग गई. जब चालक ने आग की लपटें उठते देखी, तो उसने वाहन को हाईवे से एक तरफ रोका. इसके बाद क्लीनर के साथ ट्रक से नीचे कूद गए. इधर, देखते ही देखते ट्रक और उसमें रखी सीमेंट की बोरियां जलकर राख हो गई. हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया. सुनेरा थाना प्रभारी भरतसिंह किरार ने बताया कि ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया. ट्रक में लदी सीमेंट भी खराब हो गई. हादसे में किसी प्रकार की काई जनहानि नहीं हुई है और राजमार्ग पर यातायात भी सामान्य रहा.

## कैप्टन मिश्रा का सम्मान किया



**शुजालपुर, 23 अप्रैल.** सामाजिक संस्था सेवा द्वारा प्रमुख सामाजिक कार्यों जैसे नेत्रदान, रक्तदान, देह दान, नेत्र शिविर एवं नगर की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का सतत प्रयास करती रहती है. इसी कड़ी में डॉक्टर एसके मुखर्जी राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा अवॉर्ड 2025 से सम्मानित कैप्टन डॉक्टर सीवी मिश्रा का पुष्पमाला पहना कर संस्था सदस्य खुशीराम आचार्य, हेमंत शर्मा, संदीप अग्रवाल, सौदान सिंह हाड़ा ने कर उनके दीर्घायु जीवन व उज्जवल भविष्य की कामना की.

## खेत में लगी आग, लाखों का नुकसान



**मोहन बड़ोदिया, 23 अप्रैल. मोहन बड़ोदिया के बैठक जी रोड़ पर बुधवार दिलीप कुमार कांतिलाल बिसानी के खेत पर अचानक आग लग गई, जिसमें खेत में लगा बांसों का ढेर जलकर राख हो गया. वहीं खेत के चारों और के पेड़ों में भी आग की लपटों के पहुंचने से सागौन, नीम सहित विभिन्न प्रकार के पेड़ जल गए,**

मौके पर थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास मय थाने के स्टाफ के पहुंचे. वहीं किसानों ने आग को किसानों ने बुझाने का प्रयास किया तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था. इसके उपरांत मोहन बड़ोदिया पटवारी कुंदन भटोदरा पहुंचे और पंचों से जानकारी लेकर पंचनामा बनाया. पंचनामे में बताया कि लगभग 5 लाख के करीब का नुकसान का अनुमान है, बता दें मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड नहीं होने से अधिकतर आगजनी की घटना में भारी नुकसान उठाना पड़ता है, किसान पवन, गिरिराज, ललित, प्रेम और दिलीप ने बताया कि मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में भी फायर ब्रिगेड की अत्यंत आवश्यकता है. बुधवार को आगजनी में सारंगपुर थाना क्षेत्र से फायर ब्रिगेड पहुंची तबतक जलकर सबकुछ राख हो गया था. सूचना पर विद्युत विभाग से गब्बर लाइनमैन, मुरली मालवीय और राहुल बरेठा पहुंचे, जिन्होंने विद्युत सप्लाय बंद करवाई.

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

**शाजापुर, 23 अप्रैल.** लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय शाजापुर में आज एक व्याख्यान का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संतोष शर्मा द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा बताया गया कि देवी अहिल्याबाई होल्कर को वीरांगना एवं न्यायप्रिय शासक के रूप में जाना जाता है. कार्यक्रम में विशेष अतिथि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शाजापुर प्रशिक्षण अधिकारी रामलखन शर्मा द्वारा भी देवी अहिल्याबाई होल्कर के इतिहास के संबंध में जानकारी दी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती गायत्री सिंह द्वारा की गई. इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ संस्था के जोगेन्द्र भारती, श्रीमती गुंजन जैन, मनीष शर्मा, सचिन पाटीदार, दर्पण चौधरी, अशफाक कुरैशी इत्यादि उपस्थित रहे. संचालन मनीष सक्सेना ने किया. आभार श्रीमती सपना महाजन ने माना.

## खातों में जमा हुआ वेतन, सफाईकर्मी लौटे काम पर

### एक दिन पहले किया था प्रदर्शन, काम बंद होने से पूरे शहर में ठप्प हुई सफाई व्यवस्था

**शाजापुर, 23 अप्रैल. वेतन न मिलने के कारण नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने बुधवार को काम बंद रखकर विरोध जताया. सफाईकर्मियों के काम पर न जाने के कारण कई जगह कचरे के ढेर लगे रहे और सफाई व्यवस्था ठप्प रही. जब नपा द्वारा सफाईकर्मियों के खाते में वेतन जमा किया गया, तब सफाईकर्मी काम पर लौटे.**



अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राकेश महिवाल ने बताया कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को लगभग एक वर्ष से वेतन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है. इस समस्या को लेकर मंगलवार को सभी पदाधिकारियों एवं समस्त सफाई कर्मचारियों द्वारा नगर पालिका कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया था. जिनकी मांग थी कि हमें 1 से 5 तारीख के बीच वेतन मिल जाना चाहिए. क्योंकि वेतन के अभाव में बच्चों की पढ़ाई, किश्तें व अन्य खर्चें चलाना मुश्किल हो जाता है, जिसके चलते हमने बुधवार को काम बंद हड़ताल कर दी थी. सफाइकर्मियों की हड़ताल की सूचना मिलने पर बुधवार को सीएमओ, नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष व भाजपा नगर अध्यक्ष नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और संगठन के शहर अध्यक्ष नेमीचन्द पटेल व सफाईकर्मियों से चर्चा की और आश्वासन दिया कि आज सभी को वेतन प्रदाय कर दिया जाएगा. शाम को जैसे ही सफाईकर्मियों को वेतन मिला सभी ने हड़ताल बंद कर काम शुरू कर दिया. वहीं सफाईकर्मियों ने वेतन मिलने पर सभी ने वरिष्ठों का आभार व्यक्त किया. इस दौरान संतोष धारवे, दिनेश चावरे, श्रवण पारछे, विमल कल्याणे, निर्मल घारवे, विनोद कल्याणे, मनीष टांक आदि उपस्थित थे.

### अभयपुर में प्याऊ का शुभारंभ

**शाजापुर, 23 अप्रैल.** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से लेकर 30 जून तक चलाया जा रहा हैं. इसी के तहत संगम महिला संकुल स्तरीय संगठन ग्राम अभयपुर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक द्वारा ग्राम अभयपुर में आजीविका ठण्डा प्याऊ का शुभारंभ किया गया. इस पहल से आमजनों, पथिकों, यात्रियों आदि को गर्मी के दौरान शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा.

## विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने किया सरकारी स्कूलों का निरीक्षण

**सुसनेर, 23 अप्रैल.** विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी के द्वारा विकासखंड के शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया. जिसमें विद्यालयों में शिक्षकों की समय पर उपस्थित और उपस्थित समय चक्र के अनुसार तथा बच्चों को उपस्थित होने के लिए पालकों से संपर्क एवं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं, गतिविधियां, प्रचार हेतु कलश यात्रा एवं नामांकन बढ़ाने हेतु विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा कक्षावार संपर्क अभियान तथा अपार आईडी के संबंध में भी विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों से चर्चा की गई. सीएम राइस बालक उमावि सोयतकला, शासकीय एकीकृत मावि सोयतकला, शासकीय एकीकृत उमावि डोंगरगांव तथा पीएम श्री मावि देहरिया सोयत आदि विद्यालय का निरीक्षण किया गया. विद्यालयों उपस्थिति कम होने के लिए सतत उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्रयास हेतु निर्देशित किया गया.



### जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**शाजापुर, 23 अप्रैल.** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला शाजापुर द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष शाजापुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विकासखंड समन्वयकों, नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं की एक दिवसीय जिलास्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन संभाग समन्वयक शिवप्रसाद मालवीय की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्जवलित कर मंत्रोच्चार के साथ किया गया. जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर द्वारा बैठक की भूमिका प्रस्तुत करते हुए शाजापुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया एवं साथ ही मप्र शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अभियान को सफल बनाने एवं अभियान के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि परिषद् के नेटवर्क को इस अभियान को पूर्ण ईमानदारी के साथ करना होगा. जिससे हमें निश्चित ही बहुत अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे एवं 15 दिनों में आगामी लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. संभाग समन्वयक उज्जैन मालवीय द्वारा विकासखंड समन्वयकों, नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं की एजेंडा अनुसार एक-एक बिंदु अनुसार समीक्षा की गई एवं जन अभियान परिषद् के पोर्टल पर अभियानों की प्रविष्टि करने के निर्देश दिए गए.

**एक नजर में** ▶ उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत है छात्रा, दिल्ली और चंडीगढ़ में वैज्ञानिकों से करेगी संवाद

# विज्ञान मंथन यात्रा के लिए उत्कृष्ट की पूनम का हुआ चयन

**शाजापुर, 23 अप्रैल. शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर की कक्षा 12वीं की छात्रा पूनम पंवार का चयन 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा के लिए किया गया है. पूनम के विज्ञान मंथन यात्रा हेतु चयन होने पर संस्था प्राचार्य प्रवीण कुमार मंडलोई, मार्गदर्शक शिक्षक ओमप्रकाश पाटीदार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई प्रेषित की.**



मार्गदर्शक शिक्षक ओमप्रकाश पाटीदार ने बताया कि मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं में प्रदेश की भावी वैज्ञानिकों को तलाशने और उनमें विज्ञान शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने के लिए विगत 16 वर्षों से मिशन एक्सीलेंस का आयोजन किया जा रहा है. इस दौरान उन्हें देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों का भ्रमण कर वैज्ञानिकों के साथ संवाद करवाया जाता है. इस बार की विज्ञान मंथन यात्रा के लिए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर की छात्रा का चयन होना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है. इस बार चयनित बाल वैज्ञानिक दिल्ली और चंडीगढ़ जाएंगे. चयनित बच्चों को सीएम डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर आमंत्रित कर बच्चों के साथ में भोजन किया और उन्हें हरी झंडी दिखाकर विज्ञान मंथन यात्रा के लिए रवाना किया.

**कब से कब तक होगी यात्रा...**

17वीं विज्ञान मंथन यात्रा 21 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी. योजना में चयनित प्रतिभागियों को देश की प्रतिष्ठित प्रयोशालाओं और समर्पित वैज्ञानिकों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा. यात्रा उपरांत परिषद् द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेने का अवसर मिलेगा. परीक्षा में सफल होने वाले प्रत्येक कक्षा के 20 चयनित विद्यार्थियों को 5 वर्षों तक 12 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी.

### प्रदेश के 375 विद्यार्थी चयनित...

विज्ञान मंथन यात्रा के लिए इस वर्ष कक्षा 10वीं से 12वीं विज्ञान विषय में अध्यनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है. चयन प्रक्रिया में प्रदेश को 5 विभिन्न जोन में बांटकर प्रत्येक जोन से 75 प्रतिभागियों का चयन किया गया है.